EXAM GENIUS

Presents

# GENIUS CURRENT AFFAIRS

In Bilingual

4 July 2026

UPSC SSC BANK RAILWAY STATE EXAMS

Achieve Success with Exam Genius - Your Ultimate Guide to Reasoning Mastery !

**Ques: Kakinada Cooperative Town Bank of Andhra Pradesh secured which Tier status under the RBI norms after its total deposits crossed ₹2,000 crore?**
प्रश्न: आंध्र प्रदेश के काकीनाडा कोऑपरेटिव टाउन बैंक ने कुल जमा राशि ₹2,000 करोड़ से अधिक होने के बाद RBI के मानदंडों के अनुसार कौन-सा टियर (Tier) दर्जा प्राप्त किया?

A) Tier-I / टियर-I
B) Tier-II / टियर-II
C) Tier-III / टियर-III
D) Tier-IV / टियर-IV
E) Tier-V / टियर-V

**Answer: Option C**

**Explanation | व्याख्या:**

• Andhra Pradesh's Kakinada Cooperative Town Bank, an Urban Cooperative Bank (UCB), secured Tier-III status under the Reserve Bank of India (RBI) norms.
• आंध्र प्रदेश के काकीनाडा कोऑपरेटिव टाउन बैंक, जो एक अर्बन कोऑपरेटिव बैंक (UCB) है, ने भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के मानदंडों के अनुसार Tier-III का दर्जा प्राप्त किया।
• The bank achieved this milestone after its total deposits surpassed ₹2,000 crore, while maintaining zero Net Non-Performing Assets (NPAs).
• बैंक ने ₹2,000 करोड़ से अधिक कुल जमा राशि तथा शून्य नेट गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (Net NPAs) के साथ यह उपलब्धि हासिल की।
• Following this achievement, the bank became the second-largest among the 46 Urban Cooperative Banks (UCBs) in Andhra Pradesh, with its total business exceeding ₹2,040 crore.
• इस उपलब्धि के बाद बैंक आंध्र प्रदेश के 46 अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों में दूसरा सबसे बड़ा बैंक बन गया, जिसका कुल व्यवसाय ₹2,040 करोड़ से अधिक हो गया।

**Static Part | स्थैतिक जानकारी:**

• Classification of Urban Cooperative Banks (UCBs) under RBI:
• RBI के अनुसार अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों (UCBs) का वर्गीकरण:
• Tier-I – Deposits below ₹100 crore.
• Tier-I – ₹100 करोड़ से कम जमा।
• Tier-II – Deposits up to ₹1,000 crore.
• Tier-II – ₹1,000 करोड़ तक जमा।
• Tier-III – Deposits between ₹1,000 crore and ₹10,000 crore.
• Tier-III – ₹1,000 करोड़ से ₹10,000 करोड़ के बीच जमा।
• Tier-IV – Deposits above ₹10,000 crore.
• Tier-IV – ₹10,000 करोड़ से अधिक जमा।
• Reserve Bank of India (RBI) Established – 1935.
• भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की स्थापना – 1935।
• RBI Headquarters – Mumbai, Maharashtra.
• RBI का मुख्यालय – मुंबई, महाराष्ट्र।

**Ques: Which technology is being used in the Uttar Pradesh government's Special Land Measurement Campaign for accurate land demarcation and measurement?**

प्रश्न: उत्तर प्रदेश सरकार के विशेष भूमि मापन अभियान में सटीक भूमि सीमांकन और मापन के लिए किस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है?

A) LiDAR Technology / लाइडार तकनीक
B) GPS Tracking System / जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम
C) Digi Rover (GNSS) Technology / डिजी रोवर (GNSS) तकनीक
D) Drone Mapping Only / केवल ड्रोन मैपिंग
E) Radar Survey System / रडार सर्वे प्रणाली

**Answer: Option C**

**Explanation | व्याख्या:**

• The Uttar Pradesh government launched the statewide Digi Rover-GNSS Special Land Measurement Campaign.
• उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्यव्यापी डिजी रोवर-GNSS विशेष भूमि मापन अभियान शुरू किया|
• The campaign was launched by Chief Minister Yogi Adityanath in Saharanpur.
• इस अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर में किया|
• The campaign will continue until 15 August.
• यह अभियान 15 अगस्त तक चलेगा|
• All pending cases related to land demarcation and land measurement in every tehsil will be addressed during the campaign.
• अभियान के दौरान प्रत्येक तहसील में भूमि सीमांकन और भूमि मापन से संबंधित सभी लंबित मामलों का निस्तारण किया जाएगा|
• Advanced Digi Rover (GNSS) technology will be used for accurate land surveys and measurements.
• सटीक भूमि सर्वेक्षण और मापन के लिए उन्नत डिजी रोवर (GNSS) तकनीक का उपयोग किया जाएगा|
• The initiative aims to improve transparency and efficiency in land administration.
• इस पहल का उद्देश्य भूमि प्रशासन में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाना है|
• The campaign will help reduce land disputes and speed up revenue-related services.

• यह अभियान भूमि विवादों को कम करने तथा राजस्व संबंधी सेवाओं को तेज़ करने में मदद करेगा।
• The use of modern geospatial technology is expected to ensure precise boundary determination.
• आधुनिक भू-स्थानिक तकनीक के उपयोग से भूमि सीमाओं का सटीक निर्धारण सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

**Static GK**

• GNSS Full Form – Global Navigation Satellite System
• GNSS का पूर्ण रूप – ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम
• Purpose – Land Demarcation & Land Measurement
• उद्देश्य – भूमि सीमांकन एवं भूमि मापन
• Uttar Pradesh Capital – Lucknow
• उत्तर प्रदेश की राजधानी – लखनऊ
• Governor of Uttar Pradesh – Anandiben Patel
• उत्तर प्रदेश की राज्यपाल – आनंदीबेन पटेल
• Largest District of Uttar Pradesh (Area) – Lakhimpur Kheri
• उत्तर प्रदेश का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला – लखीमपुर खीरी
• Uttar Pradesh Established – 24 January 1950
• उत्तर प्रदेश की स्थापना – 24 जनवरी 1950
• State Animal of Uttar Pradesh – Swamp Deer (Barasingha)
• उत्तर प्रदेश का राज्य पशु – बारहसिंगा (Swamp Deer)

**Ques: Which Act replaced the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act (MGNREGA), 2005 from 1 July 2026?**
प्रश्न: 1 जुलाई 2026 से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA), 2005 का स्थान किस अधिनियम ने लिया?

A) Deen Dayal Gramin Rozgar Adhiniyam, 2025 / दीनदयाल ग्रामीण रोजगार अधिनियम, 2025
B) Rural Livelihood Security Act, 2025 / ग्रामीण आजीविका सुरक्षा अधिनियम, 2025
C) Viksit Bharat-Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) [VB-G RAM G] Act, 2025 / विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025
D) National Rural Employment Mission Act, 2025 / राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार मिशन अधिनियम, 2025
E) Gramin Shramik Kalyan Adhiniyam, 2025 / ग्रामीण श्रमिक कल्याण अधिनियम, 2025

**Answer: Option C**

**Explanation | व्याख्या:**

- The Viksit Bharat-Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) [VB-G RAM G] Act, 2025 came into force from 1 July 2026.
- विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) [VB-G RAM G] अधिनियम, 2025 1 जुलाई 2026 से लागू हुआ।
- The VB-G RAM G Act, 2025 replaces the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act (MGNREGA), 2005.
- VB-G RAM G अधिनियम, 2025 ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA), 2005 का स्थान लिया।
- The Act guarantees 125 days of wage employment annually to every eligible rural household.
- यह अधिनियम प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 125 दिनों के मजदूरी आधारित रोजगार की गारंटी देता है।
- The Central Government has fixed a national floor wage of ₹300 per day under the new scheme.

• केंद्र सरकार ने नई योजना के तहत ₹300 प्रतिदिन का राष्ट्रीय न्यूनतम (Floor) वेतन निर्धारित किया है।
• The national average notified wage has increased from ₹298.8 per day under MGNREGA to ₹327.4 per day under VB-G RAM G.
• राष्ट्रीय औसत अधिसूचित मजदूरी MGNREGA के ₹298.8 प्रतिदिन से बढ़कर VB-G RAM G के तहत ₹327.4 प्रतिदिन हो गई है।
• Wage rates have been increased across all 34 States/UTs and wage regions.
• सभी 34 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों एवं वेतन क्षेत्रों में मजदूरी दरों में वृद्धि की गई है।
• Arunachal Pradesh and Nagaland recorded the highest percentage increase in wages, with hikes of nearly 24.5%.
• अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में मजदूरी में लगभग 24.5% की वृद्धि के साथ सबसे अधिक प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई।
• After the revision, Haryana (₹409), Goa (₹406), Kerala (₹401) and Sikkim (High Altitude Gram Panchayats – ₹450) have notified wage rates above ₹400 per day.
• संशोधन के बाद हरियाणा (₹409), गोवा (₹406), केरल (₹401) तथा सिक्किम (उच्च ऊँचाई वाले ग्राम पंचायत – ₹450) में अधिसूचित मजदूरी ₹400 प्रतिदिन से अधिक हो गई है।

**Static Part | स्थैतिक जानकारी:**

• MGNREGA was enacted in 2005.
• MGNREGA अधिनियम 2005 में लागू किया गया था।
• MGNREGA originally guaranteed 100 days of wage employment per year to rural households.
• MGNREGA के तहत ग्रामीण परिवारों को प्रतिवर्ष 100 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाती थी।
• Ministry implementing the scheme – Ministry of Rural Development.
• योजना का कार्यान्वयन मंत्रालय – ग्रामीण विकास मंत्रालय।
• National Floor Wage under VB-G RAM G – ₹300 per day.
• VB-G RAM G के तहत राष्ट्रीय न्यूनतम (Floor) मजदूरी – ₹300 प्रतिदिन।

No. 1 PLATFORM FOR GOVT. EXAMS
UPSC | SSC | BANKING | RAILWAY visit
www.examgenius.in

# Recent News Headlines Related to Schemes

• The Ministry of Corporate Affairs (MCA) has released the detailed guidelines for the Corporate Mitra Scheme, which was announced in the Union Budget 2026–27.
• कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (MCA) ने केंद्रीय बजट 2026–27 में घोषित कॉर्पोरेट मित्र योजना के विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

• Prime Minister Narendra Modi highlighted the success of the Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana (PMSBY) during his Mann Ki Baat address.
• प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) की सफलता का उल्लेख किया।

• The Ministry of Rural Development approved road infrastructure projects worth ₹211.71 crore for Tripura under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY-IV).
• ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY-IV) के तहत त्रिपुरा के लिए ₹211.71 करोड़ की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी।

• The Prime Minister is scheduled to release the 23rd instalment of the PM-KISAN Scheme on 20 June 2026.
• प्रधानमंत्री 20 जून 2026 को PM-KISAN योजना की 23वीं किस्त जारी करेंगे।

• Pradhan Mantri Viksit Bharat Rozgar Yojana aims to facilitate the creation of more than 3.5 crore jobs over a period of two years.
• प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (PM-VBRY) का उद्देश्य दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार सृजित करना है।

• Union Minister Jagat Prakash Nadda launched nationwide celebrations to commemorate a decade of the successful implementation of the Pradhan Mantri Surakshit Matritva Abhiyan (PMSMA).
• केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश (जेपी) नड्डा ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA) के सफल क्रियान्वयन के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी समारोहों का शुभारंभ किया।

Exam Genius Exam Genius Exam_Genius_Official Exam Genius Exam Genius

• The Kerala government launched the ‘Priyadarshini’ free travel scheme for women and transgender persons.

• केरल सरकार ने महिलाओं और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए ‘प्रियदर्शिनी’ मुफ्त यात्रा योजना शुरू की है।

• The Government of India (GoI), through the Ministry of Finance (MoF), has extended the validity of the Credit Guarantee Scheme for Microfinance Institutions-2.0 (CGSMFI-2.0) until 31 August 2026 or until guarantees worth ₹20,000 crore are issued, whichever is earlier.

• भारत सरकार ने वित्त मंत्रालय (MoF) के माध्यम से क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस-2.0 (CGSMFI-2.0) की वैधता 31 अगस्त 2026 तक या ₹20,000 करोड़ की गारंटी जारी होने तक (जो पहले हो) बढ़ा दी है।

**Ques: Which country has become the UNESCO World Heritage Capital by having the highest number of UNESCO World Heritage Sites in the world?**
प्रश्न: विश्व में सबसे अधिक UNESCO विश्व धरोहर स्थलों (World Heritage Sites) के साथ UNESCO World Heritage Capital कौन-सा देश बना है?

A) China / चीन
B) Spain / स्पेन
C) Italy / इटली
D) France / फ्रांस
E) India / भारत

**Answer: Option C**

**Explanation | व्याख्या:**

• Italy has officially become the UNESCO World Heritage Capital, with 61 UNESCO World Heritage Sites, the highest number recorded by any country in the world.
• इटली आधिकारिक रूप से UNESCO World Heritage Capital बन गया है। इसके पास 61 UNESCO विश्व धरोहर स्थल हैं, जो विश्व में किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक हैं।
• Out of the 61 World Heritage Sites, 55 are Cultural Heritage Sites and 6 are Natural Heritage Sites.
• 61 विश्व धरोहर स्थलों में से 55 सांस्कृतिक धरोहर स्थल (Cultural Heritage Sites) तथा 6 प्राकृतिक धरोहर स्थल (Natural Heritage Sites) हैं।
• The latest UNESCO World Heritage Site added to Italy's list is "Funerary Tradition in the Prehistory of Sardinia – Domus de Janas", inscribed in 2025.
• इटली की सूची में शामिल नवीनतम UNESCO विश्व धरोहर स्थल "Funerary Tradition in the Prehistory of Sardinia – Domus de Janas" है, जिसे 2025 में सूचीबद्ध किया गया।

**Static Part | स्थैतिक जानकारी:**

- UNESCO Established – 16 November 1945.
- UNESCO की स्थापना – 16 नवंबर 1945।
- UNESCO Headquarters – Paris, France.
- UNESCO का मुख्यालय – पेरिस, फ्रांस।
- Italy Capital – Rome.
- इटली की राजधानी – रोम।
- Italy Currency – Euro (€).
- इटली की मुद्रा – यूरो (€)।

EXAM Genius

No. 1 PLATFORM FOR GOVT. EXAMS
UPSC | SSC | BANKING | RAILWAY visit
www.examgenius.in

**Ques: Which Indian women's cricket team captain led India to secure direct qualification for the Los Angeles 2028 Olympic Games?**
प्रश्न: लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सीधे क्वालीफाई कराने वाली कप्तान कौन हैं?

A) Smriti Mandhana / स्मृति मंधाना
B) Harmanpreet Kaur / हरमनप्रीत कौर
C) Jemimah Rodrigues / जेमिमा रोड्रिग्स
D) Shafali Verma / शेफाली वर्मा
E) Deepti Sharma / दीप्ति शर्मा

**Answer: Option B**

**Explanation | व्याख्या:**

• The International Cricket Council (ICC) confirmed that the Indian Women's Cricket Team secured direct qualification for the Los Angeles (LA) 2028 Olympic Games after the conclusion of the ICC Women's T20 World Cup 2026 group stage.
• अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने पुष्टि की कि ICC महिला T20 विश्व कप 2026 के ग्रुप चरण की समाप्ति के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने लॉस एंजिलिस (LA) 2028 ओलंपिक के लिए सीधा क्वालीफिकेशन प्राप्त कर लिया।
• Led by Harmanpreet Kaur, India secured Asia's only automatic berth under the ICC qualification pathway by finishing ahead of Sri Lanka on a better Net Run Rate (NRR).
• हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारत ने बेहतर नेट रन रेट (NRR) के आधार पर श्रीलंका से आगे रहकर एशिया का एकमात्र स्वतः (Automatic) ओलंपिक कोटा हासिल किया।
• All cricket matches at the Los Angeles 2028 Olympics will be played at a purpose-built venue in Pomona, California, USA.
• लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक के सभी क्रिकेट मैच अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के पोमोना में बनाए गए विशेष स्टेडियम में खेले जाएंगे।
• Both the men's and women's T20 competitions will feature six teams each.
• पुरुष एवं महिला, दोनों T20 प्रतियोगिताओं में 6-6 टीमें भाग लेंगी।
• The first confirmed teams for the Women's T20 event are Australia, Great Britain (via England), India, and South Africa.

Exam Genius Exam Genius Exam_Genius_Official Exam Genius Exam Genius

• महिला T20 प्रतियोगिता के लिए पहली पुष्टि की गई टीमें हैं—ऑस्ट्रेलिया, ग्रेट ब्रिटेन (इंग्लैंड के माध्यम से), भारत और दक्षिण अफ्रीका।
• The United States (USA) is eligible to qualify as the host nation for both the men's and women's events.
• संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) मेज़बान देश होने के कारण पुरुष और महिला, दोनों प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई करने का पात्र है।

**Static Part | स्थैतिक जानकारी:**

• Los Angeles 2028 Summer Olympics will be hosted in Los Angeles, California, USA.
• लॉस एंजिलिस 2028 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का आयोजन लॉस एंजिलिस, कैलिफोर्निया (USA) में होगा।
• Cricket will return to the Olympic Games after 128 years at LA28.
• क्रिकेट 128 वर्षों बाद LA28 ओलंपिक में वापसी करेगा।
• International Cricket Council (ICC) Established – 1909.
• अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की स्थापना – 1909।
• ICC Headquarters – Dubai, United Arab Emirates (UAE).
• ICC का मुख्यालय – दुबई, संयुक्त अरब अमीरात (UAE)।

# Recent News headlines related to Sports

• India created history by winning its first-ever gold medal at the World Rowing Cup.
• भारत ने विश्व रोइंग कप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

• The Wimbledon Championships 2026 began at the All England Lawn Tennis and Croquet Club in London, England.
• विंबलडन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन इंग्लैंड के लंदन स्थित ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस एंड क्रोके क्लब में शुरू हुआ।

• Mercedes driver George Russell won the 2026 Austrian Grand Prix. He is a British racing driver.
• मर्सिडीज ड्राइवर जॉर्ज रसेल ने 2026 ऑस्ट्रियन ग्रां प्री जीती। वह एक ब्रिटिश रेसिंग ड्राइवर हैं।

• Ethan Vaz, a 14-year-old International Master (IM) from Goa, became India's 96th Chess Grandmaster (GM).
• गोवा के 14 वर्षीय इंटरनेशनल मास्टर (IM) ईथन वाज़ भारत के 96वें शतरंज ग्रैंडमास्टर (GM) बने।

• Indian captain Harmanpreet Kaur created history by becoming the first cricketer in both men's and women's cricket to play 200 Twenty20 International (T20I) matches.
• भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर पुरुष एवं महिला दोनों क्रिकेट के इतिहास में 200 ट्वेंटी-20 अंतरराष्ट्रीय (T20I) मैच खेलने वाली पहली क्रिकेटर बनीं।

• Argentine football legend Lionel Messi became the first player in history to appear in six FIFA World Cups after featuring in Argentina’s opening match against Algeria in the FIFA World Cup 2026.
• अर्जेंटीना के फुटबॉल दिग्गज लियोनेल मेसी इतिहास के ऐसे पहले खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने छह फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया है; उन्होंने फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अल्जीरिया के खिलाफ अर्जेंटीना के शुरुआती मैच में खेलकर यह उपलब्धि हासिल की।

• Argentina defeated Austria 2-0 in their Group J match of the FIFA World Cup 2026.
• फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप J मुकाबले में अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रिया को 2-0 से हराया।

• India's teenage batting sensation Vaibhav Sooryavanshi created history by smashing the fastest half-century in List A cricket.
• भारत के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने लिस्ट-A क्रिकेट का सबसे तेज अर्धशतक लगाकर इतिहास रच दिया।

• India's Abhay Singh and Velavan Senthilkumar won the Men's Doubles title at the 3rd Asian Doubles Championships 2026. Squash The tournament was held in Sarawak, Malaysia. Runners-up are Nasir Iqbal & Noor Zaman (Pakistan).
• भारत के अभय सिंह और वेलवन सेंथिलकुमार ने तीसरी एशियन डबल्स चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों का डबल्स खिताब जीता। यह स्क्वैश टूर्नामेंट मलेशिया के सारावाक में आयोजित किया गया था। इसमें पाकिस्तान के नासिर इकबाल और नूर ज़मान रनर-अप रहे। participate in the Khaan Quest multinational joint military exercise.
• भारतीय सेना (IA) का दल खान क्वेस्ट (KHAAN QUEST) बहुराष्ट्रीय संयुक्त सैन्य अभ्यास में भाग लेगा।

• South Korea and Japan have conducted a Joint Maritime Search and Rescue Exercise (SAREX) for the first time in nine years. The exercise was carried out in international waters southeast of Jeju Island.
• दक्षिण कोरिया और जापान ने नौ वर्षों में पहली बार संयुक्त समुद्री खोज और बचाव अभ्यास (एसएआरईएक्स) का आयोजन किया। यह अभ्यास जेजू द्वीप के दक्षिण-पूर्व में स्थित अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में किया गया।

• The United States and NATO allies have launched BALTOPS 2026 (Baltic Operations), one of the largest multinational naval exercises in the Baltic Sea.
• संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके NATO सहयोगियों ने BALTOPS 2026 (Baltic Operations) नामक बाल्टिक सागर के सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यासों में से एक का शुभारंभ किया है।

**Ques: During the 12th India-Malaysia Defence Sub-Committee Meeting, both countries reaffirmed their commitment to peace, security and freedom of navigation in which region?**
प्रश्न: 12वीं भारत-मलेशिया रक्षा उप-समिति बैठक के दौरान दोनों देशों ने शांति, सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता किस क्षेत्र में दोहराई?

A) Arctic Region / आर्कटिक क्षेत्र
B) Mediterranean Region / भूमध्यसागरीय क्षेत्र
C) Indo-Pacific Region / इंडो-पैसिफिक क्षेत्र
D) Atlantic Ocean / अटलांटिक महासागर
E) Black Sea Region / काला सागर क्षेत्र

**Answer: Option C**

**Explanation | व्याख्या:**

• India and Malaysia reviewed the entire spectrum of bilateral military cooperation during the 12th Sub-Committee Meeting held in New Delhi.
• नई दिल्ली में आयोजित 12वीं उप-समिति बैठक के दौरान भारत और मलेशिया ने द्विपक्षीय सैन्य सहयोग के पूरे दायरे की समीक्षा की।
• Both sides reaffirmed their shared commitment to peace, security and freedom of navigation in the Indo-Pacific region.
• दोनों देशों ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई।
• Discussions covered ongoing military-to-military exchanges between the two countries.
• चर्चा में दोनों देशों के बीच जारी सैन्य-से-सैन्य आदान-प्रदान शामिल रहा।
• The two sides reviewed progress in bilateral military exercises and training programmes.
• दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सैन्य अभ्यासों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की।
• Staff talks and defence capacity-building initiatives were also discussed.
• स्टाफ वार्ताओं और रक्षा क्षमता निर्माण पहलों पर भी चर्चा की गई।
• Maritime cooperation remained an important area of discussion between the two countries.

• समुद्री सहयोग दोनों देशों के बीच चर्चा का एक महत्वपूर्ण विषय रहा।
• Both nations explored opportunities for cooperation in emerging and advanced defence domains.
• दोनों देशों ने उभरते और उन्नत रक्षा क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विचार किया।
• The meeting highlighted the growing defence partnership between India and Malaysia.
• बैठक ने भारत और मलेशिया के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी को रेखांकित किया।

**Static GK**

• Malaysia Capital – Kuala Lumpur
• मलेशिया की राजधानी – कुआलालंपुर
• Malaysia Currency – Malaysian Ringgit
• मलेशिया की मुद्रा – मलेशियन रिंगिट
• Malaysia Prime Minister – Anwar Ibrahim
• मलेशिया के प्रधानमंत्री – अनवर इब्राहिम
• Malaysia Parliament – Parliament of Malaysia
• मलेशिया की संसद – पार्लियामेंट ऑफ मलेशिया
• Ministry of Defence Headquarters – New Delhi
• रक्षा मंत्रालय का मुख्यालय – नई दिल्ली
• Focus Area – Bilateral Military Cooperation
• प्रमुख विषय – द्विपक्षीय सैन्य सहयोग
• Key Themes – Peace, Security and Freedom of Navigation
• प्रमुख विषयवस्तु – शांति, सुरक्षा एवं नौवहन की स्वतंत्रता

No. 1 PLATFORM FOR GOVT. EXAMS
UPSC | SSC | BANKING | RAILWAY visit
www.examgenius.in

# Recent News Headlines Related to Summits / conference

• Odisha Chief Minister Mohan Charan Majhi launched the 'Go East' initiative at the CII Eastern Region Council Meeting held in Bhubaneswar.
• ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर में आयोजित CII Eastern Region Council Meeting के दौरान 'Go East' पहल का शुभारंभ किया।

• India's Ambassador to Panama, Sumit Seth, represented India at the 56th General Assembly of the Organization of American States (OAS) held in Panama City, Panama.
• पनामा में भारत के राजदूत सुमित सेठ ने पनामा सिटी, पनामा में आयोजित Organization of American States (OAS) की 56वीं महासभा में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

• India hosted the 11th BRICS Energy Ministers' Meeting in Gurugram, Haryana, under its BRICS Chairship 2026.
• भारत ने अपनी BRICS अध्यक्षता 2026 के तहत हरियाणा के गुरुग्राम में 11वीं BRICS ऊर्जा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी की।

• Prime Minister Narendra Modi chaired the 52nd meeting of PRAGATI (Pro-Active Governance and Timely Implementation) at Seva Teerth, New Delhi.
• प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित सेवा तीर्थ में PRAGATI (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन) की 52वीं बैठक की अध्यक्षता की।

• India's National Security Adviser (NSA) Ajit Doval hosted the meeting of National Security Advisers (NSAs) of BRICS countries in New Delhi. India's 2026 BRICS Chairship is being conducted under the theme "Building for Resilience, Innovation, Cooperation, and Sustainability."
• भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजीत डोभाल ने नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (NSAs) की बैठक की मेज़बानी की। भारत की 2026 की ब्रिक्स अध्यक्षता "लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण" (Building for Resilience, Innovation, Cooperation, and Sustainability) की थीम के तहत आयोजित की जा रही है।

• **Union Home Minister Amit Shah chaired a meeting in New Delhi where six states reached a consensus on the long-pending Kishau Multi-Purpose Dam Project.**
• **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में एक बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें छह राज्यों ने लंबे समय से लंबित किशाऊ बहुउद्देश्यीय बांध परियोजना पर सहमति व्यक्त की।**

• **The 16th BRICS Agriculture Ministers' Meeting was held on 12–13 June 2026 in Indore under India's BRICS Presidency.**
• **16वीं ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक 12–13 जून 2026 को इंदौर, मध्य प्रदेश में भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत आयोजित की गई।**

**Ques: JATAN, recently in news for enabling digital access to museum artefacts, was developed by which organisation?**
प्रश्न: हाल ही में संग्रहालयों की धरोहरों तक डिजिटल पहुंच उपलब्ध कराने के लिए चर्चा में रहा जतन (JATAN) किस संगठन द्वारा विकसित किया गया है?

A) NIC / एनआईसी
B) ISRO / इसरो
C) C-DAC / सी-डैक
D) IGNCA / इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र
E) ASI / भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण

**Answer: Option C**

**Explanation | व्याख्या:**

- JATAN is a digital museum management system.
- जतन एक डिजिटल संग्रहालय प्रबंधन प्रणाली है|
- It helps museums digitise and preserve artefacts.
- यह संग्रहालयों को कलाकृतियों का डिजिटलीकरण और संरक्षण करने में सहायता करता है|
- Citizens can explore valuable artefacts online through digital museums.
- नागरिक डिजिटल संग्रहालयों के माध्यम से ऑनलाइन बहुमूल्य कलाकृतियों को देख सकते हैं|
- The initiative promotes preservation and accessibility of cultural heritage.
- यह पहल सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और सुलभता को बढ़ावा देती है|

**Static GK**

- JATAN – Virtual Museum Builder
- जतन – वर्चुअल म्यूजियम बिल्डर
- Developed By – Centre for Development of Smart Computing (C-DAC)
- विकसितकर्ता – सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्मार्ट कंप्यूटिंग (C-DAC)
- Supported By – Ministry of Culture
- समर्थित द्वारा – संस्कृति मंत्रालय
- Objective – Digitisation of Museum Collections
- उद्देश्य – संग्रहालय संग्रहों का डिजिटलीकरण
- Nodal Ministry – Ministry of Culture
- नोडल मंत्रालय – संस्कृति मंत्रालय

**Ques: The Purple Revolution, recently discussed for promoting lavender-based agri-entrepreneurship in Nagaland, originated from which place?**
प्रश्न: नागालैंड में लैवेंडर आधारित कृषि-उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु चर्चा में रही पर्पल रिवोल्यूशन की शुरुआत किस स्थान से हुई थी?

A) Srinagar / श्रीनगर
B) Leh / लेह
C) Bhaderwah / भद्रवाह
D) Kohima / कोहिमा
E) Shillong / शिलांग

**Answer: Option C**

**Explanation | व्याख्या:**

• Union Minister of State (Independent Charge) for Science & Technology, Dr. Jitendra Singh, met Nagaland Minister for Tourism & Higher Education Temjen Imna Along in New Delhi.
• केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में नागालैंड के पर्यटन एवं उच्च शिक्षा मंत्री तेमजेन इम्ना अलोंग से मुलाकात की।
• The meeting focused on promoting lavender-based agri-entrepreneurship in Nagaland.
• बैठक का मुख्य उद्देश्य नागालैंड में लैवेंडर आधारित कृषि-उद्यमिता को बढ़ावा देना था।
• Discussions highlighted the success of the Purple Revolution under the Aroma Mission.
• चर्चा में अरोमा मिशन के अंतर्गत पर्पल रिवोल्यूशन की सफलता पर विशेष जोर दिया गया।
• The Purple Revolution originated from Bhaderwah in Jammu & Kashmir and transformed lavender cultivation in the region.
• पर्पल रिवोल्यूशन की शुरुआत जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह क्षेत्र से हुई, जिसने वहां लैवेंडर खेती को नई पहचान दी।
• Nagaland adopted lavender cultivation under the Aroma Mission in 2022.
• नागालैंड ने वर्ष 2022 से अरोमा मिशन के तहत लैवेंडर खेती को अपनाया है।
• Lavender cultivation provides opportunities for value addition, essential oil production and rural employment generation.
• लैवेंडर की खेती मूल्य संवर्धन, आवश्यक तेल उत्पादन तथा ग्रामीण रोजगार सृजन के अवसर प्रदान करती है।

• The initiative aims to strengthen farmer income and promote sustainable agri-based entrepreneurship.
• इस पहल का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना तथा सतत कृषि आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है।
• The meeting reflects efforts to expand successful agricultural innovations from Jammu & Kashmir to the North-East region.
• यह बैठक जम्मू-कश्मीर की सफल कृषि नवाचार पहलों को पूर्वोत्तर क्षेत्र तक विस्तार देने के प्रयासों को दर्शाती है।

**Static GK**

• Aroma Mission Launch – 2016
• अरोमा मिशन का शुभारंभ – 2016
• Lavender Capital of India – Bhaderwah, Jammu & Kashmir
• भारत की लैवेंडर राजधानी – भद्रवाह, जम्मू-कश्मीर
• Bhaderwah Location – Doda District, Jammu & Kashmir
• भद्रवाह का स्थान – डोडा जिला, जम्मू-कश्मीर
• Nagaland Adopted Lavender Cultivation – 2022
• नागालैंड ने लैवेंडर खेती अपनाई – 2022
• CSIR Headquarters – New Delhi
• CSIR का मुख्यालय – नई दिल्ली
• CSIR Established – 1942
• CSIR की स्थापना – 1942
• Union Minister (Science & Technology) – Dr. Jitendra Singh
• केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) – डॉ. जितेंद्र सिंह
• Nagaland Capital – Kohima
• नागालैंड की राजधानी – कोहिमा
• Nagaland Governor – Shri Nand Kishore Yadav
• नागालैंड के राज्यपाल – श्री नंद किशोर यादव
• Chief Minister of Nagaland – Neiphiu Rio
• नागालैंड के मुख्यमंत्री – नेफियू रियो
• State Animal of Nagaland – Mithun
• नागालैंड का राज्य पशु – मिथुन
